हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

12 छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का ..



12 गुदगुदी जंक्शन का शहर क्षेत्र में पौधरोपण ...



## खबर संक्षेप

### नाली में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** अंबाला छावनी के लालकुर्ती बाजार में दुकानों के बाहर बने थड़ों के बीच नाली में मुंह के बल गिरने से युवक की मौत हो गई। मृतक राणा कॉम्प्लेक्स के हिमांशु शर्मा (31) है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी शादी महज छह महीने पहले ही हुई थी।पिता कमलजीत के बयान पर इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई की गई। परिजन बोले कि नौकरी छूटने से वह परेशान था।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**अंबाला।** नेशनल हाइवे-44 के साथ लगते सर्विस रोड पर वाहन की चपेट में आकर शास्त्री कॉलोनी के प्रभु दयाल (61) की मौत हो गई। रात के समय टहलते समय वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने पीड़ित के भतीजे की शिकायत पर वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में खटीक मंडी के विजय ने बताया कि ताऊ प्रभु दयाल रात करीब 10:30 बजे खाना खाने के बाद रोजाना की तरह सर्विस रोड पर टहलने निकले थे। हार्ट्रोन के पास यह हादसा हुआ था। राहगीरों की मदद से उन्हें कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचाया था, जहां से उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था। वहां उनकी मौत हो गई।

### खाते से निकाल लिए 1.76 लाख रुपये

**यमुनानगर।** गांव मुज्जाफतकलां निवासी सोनू फेसबुक पर आए कथित मूवी लिंक के झांसे में आकर साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित के अनुसार 11 से 19 जुलाई के बीच मिले लिंक पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठगों ने बैंक खाते से 1.76 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक से रुपये कटने के संदेश मिलने पर उसे ठगी का पता चला। इसके बाद उसने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल और बैंक ट्रांजैक्शन की तकनीकी जांच कर रही है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** बुड़िया थाना क्षेत्र में एक 38 वर्षीय महिला के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव निवासी शाहबाज जबरन उसके घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### जमीनी विवाद में दंपति पर हमला

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में जमीनी विवाद को लेकर दंपति पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जुलाई की शाम वह अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करवा रहे थे। इसी दौरान उनके ताऊ का बेटा शुभम और उसका भांजा जतिन वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। विरोध करने पर शुभम ने गंडासी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शिकायत में पत्नी पूजा देवी से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

रिकॉर्ड अपडेट कर लंबित मामलों का होगा निपटारा, विवाद भी होंगे कम

**यमुनानगर में प्लॉट धारकों से मांगे दस्तावेज**

# नगर निगम करेगा 1015 प्लॉटों की कन्वेंस डीड

- सरोजिनी, शास्त्री, इंदिरा कॉलोनी समेत कई योजनाओं के प्लॉट शामिल
- डीड हो चुकी है तो रजिस्ट्री की प्रति, नहीं हुई तो आवेदन करें जमा
- दस्तावेज जमा कर जल्द पूरी कराएं कन्वेंस डीड प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम ट्रस्ट सेल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में वर्षों पहले अलॉटिट किए गए 1015 प्लॉटों की जल्द कन्वेंस डीड होगी। इस संबंध में ट्रस्ट सेल ने प्लॉट धारकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे है। प्लाट धारक अपने दस्तावेज जमा करवाकर प्लाटों की कन्वेंस डीड करवाएं। उक्त जानकारी निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। मौके पर ट्रस्ट सेल अधीक्षक तेजिंदर कौर भी मौजूद रही। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि ट्रस्ट सेल की विभिन्न योजनाओं में कुल 1015 आवासीय एवं व्यावसायिक प्लॉट शामिल हैं। इनमें सरोजिनी कॉलोनी फेज वन और फेज टू, शास्त्री कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी जगाधरी, गोमती मोहल्ला जगाधरी व स्कीम नंबर-27 पुरानी तहसील जगाधरी के प्लाट शामिल हैं। इन योजनाओं में आवासीय प्लॉटों के साथ साथ व्यावसायिक प्लॉट, डबल स्टोरी शॉप कम फ्लैट, बूथ, पोस्ट आफिस, प्रशासनिक कार्यालय, ट्रैफिक पार्क, स्कूल और कॉलेज के लिए आरक्षित भूमि भी शामिल हैं। ट्रस्ट सेल के रिकॉर्ड के अनुसार प्लॉट आवंटन की शर्तों के तहत आवंटी द्वारा पूरी राशि जमा कराने के बाद कन्वेंस डीड कराना आवश्यक होता है। लेकिन कई वर्षों के बाद भी बड़ी संख्या में प्लॉट धारकों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं कराई है। इसलिए अब निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया है। जिन प्लॉटों की डीड हो चुकी है। वह भी अपने दस्तावेज निगम कार्यालय में जमा कराए। ताकि भविष्य में प्लॉट मालिकों को किसी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए लंबित कन्वेंस डीड का कार्य जल्द पूरा करना जरूरी है।

**दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें**



निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि जिन प्लॉट धारकों की कन्वेंस डीड पहले ही हो चुकी है। वह अपनी रजिस्ट्री या कन्वेंस डीड की प्रति कार्यालय में जमा कराएं। वहीं जिनकी डीड अभी तक नहीं हुई है। वह आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें। ताकि नियमानुसार उनकी कन्वेंस डीड की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इससे ट्रस्ट सेल की सभी योजनाओं का रिकॉर्ड अद्यतन होगा और वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा होने के साथ साथ भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों और रिकॉर्ड प्रबंधन में भी काफी सुविधा मिलेगी।

**किस कॉलोनी में कितने प्लाटों की होगी कन्वेंस डीड**

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि ट्रस्ट सेल द्वारा अलॉटिट प्लॉट में सरोजनी कॉलोनी फेस वन में 188 रिहायशी प्लाट, 42 वाणिज्यिक प्लाट, 47 बूथ, एक पोस्ट ऑफिस, एक एलआईसी ऑफिस व ट्रैफिक पार्क की जमीन है। इसी तरह सरोजनी कॉलोनी फेस टू में 335 रिहायशी प्लॉट, शास्त्री कॉलोनी में रिहायशी प्लाट 188, वाणिज्यिक प्लाट 28, एक स्कूल व एक कॉलेज की जमीन है। जगाधरी की इंदिरा कॉलोनी में रिहायशी प्लाट 87, वाणिज्यिक प्लाट 16, बूथ 14 व एक स्कूल शामिल है। गोमती मोहल्ला जगाधरी में 16 रिहायशी प्लाट व 5 वाणिज्यिक प्लाट और पुरानी तहसील जगाधरी में 44 वाणिज्यिक प्लाट शामिल हैं।

---

### सड़क पर आए पशु से टकराई बाइक, नवविवाहित युवक की मौत

**पानीपत।** जिले के निकटवर्ती गांव निंबरी की दत्ता कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय सुमित की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात उस समय हुआ, जब सुमित बाइक पर सवार होकर गांव उग्राखेड़ी की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक सामने आए पशु से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।बताया जा रहा है कि सुमित का करीब छह माह पहले ही विवाह हुआ था। उसकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### सिंचाई विवाद की रंजिश में किसान की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए-टू पुलिस टीम ने गांव नूरपुर गुजरान निवासी 60 वर्षीय किसान रणबीर की हत्या के मामले में आरोपी सत्यवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने किसान रणबीर की हत्या करना स्वीकार किया है।सीआईए-टू के थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सत्यवान और रणबीर के बीच खेत की सिंचाई को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद की रंजिश के चलते रणबीर की हत्या किए जाने की आशंका है। मामले में थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने मृतक के भाई भोपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस हत्या में इस्तेमाल किए गए सामान और घटना की पूरी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

---

कष्ट निवारण समिति की बैठक में पंवार ने दिए निर्देश

# अंसल एपीआई के खिलाफ जल्द दर्ज की जाए एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अंसल सुशांत सिटी मामले की शिकायत पर जल्द से जल्द अंसल एपीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही संबंधित विभागों को अपनी हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्त को सभी विभागों से रिपोर्ट लेने को कहा। इसके साथ ही कॉलोनी को हैंडओवर करने के मामले में फीडबैक लेने को कहा गया और कॉलोनी के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। एचएसवीपी और नगर परिषद विभाग मिलकर सीवरेज व्यवस्था का वैकल्पिक समाधान करें, ताकि वहां पर रहने वाले लोगों की परेशानी कम हो सके। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को नये लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सख्त निर्देश दिए।



अंसल सुशांत सिटी हैंडओवर मामले में विभागों से मांगी रिपोर्ट

**33 केवी लाइन को घरों के ऊपर से बदलने के निर्देश**

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने परशुराम कॉलोनी निवासी राजदेव कुमार की शिकायत पर बिजली विभाग को स्पेशल एस्टीमेट बनाकर 33 केवी लाइन को घरों के ऊपर से बदलने के निर्देश दिए। शिकायत में बताया कि उसके घर के ऊपर से बिजली की 33 केवी लाइन निकली हुई है। जिससे उन्हें हर समय हादसे का डर लगा रहता है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बैठक में नगर परिषद वार्ड नंबर एक के पूर्व पार्षद देवी दयाल जांगड़ा, नेशनल फायर सोल्यूशन के प्रोपराइटर शिवम, गांव भूखडी के सरपंच मीनू की शिकायत का समाधान किया।

### दो नकाबपोश युवक को अपने साथ ले गए

**पानीपत।** पानीपत की गुड़ मंडी क्षेत्र से 19 वर्षीय पवन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पवन की बहन नेहा ने थाना किला पुलिस को दी शिकायत में बताया 19 जुलाई को पवन अपने दोस्त पंकज की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं, दोस्त पंकज ने पवन के परिजनों को जानकारी दी कि पवन उनके साथ किला पार्क में बैठका हुआ था, इसी दौरान मुंह पर परना बांधे दो युवक बाइक पर वहां पहुंचे और वे पवन को अपने साथ बाइक पर बैठा कर ले गए। वहीं, पवन अपना मोबाइल फोन उसके पास छोड़ गया था। इधर, थाना किला पुलिस ने पवन के लापता होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पातालेश्वर मंदिर में चोरी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

- पीतल-तांबे के लोटे और घंटी समेत चोरी का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के गांव दयालगढ़ स्थित प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर से पीतल और तांबे के लोटे, घंटी समेत अन्य सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। बुड़िया थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मंदिर के पुजारी मुकेश गौतम ने 19 जुलाई को चोरी की शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, बाजार से लौटने के बाद आरती के समय उन्हें मंदिर से पीतल की घंटी और अन्य सामान गायब मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर उप निरीक्षक कृष्ण लाल के नेतृत्व में टीम गठित की। सीसीटीवी और तकनीकी जांच के आधार पर आकाश और विकास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी कबूल की।



---

बालिकाओं की शिक्षा में दे रहे विशेष योगदान

## समाजसेवी आरडी गोयल 'अग्रश्री अवॉर्ड' से सम्मानित



कुरुक्षेत्र। सम्मान प्राप्त करते समाजसेवी आरडी गोयल। फोटोः हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के 35वें छात्रवृत्ति वितरण समारोह में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी रामदास (आरडी) गोयल को 'अग्रश्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति अनिल गुप्ता ने की, जबकि अजय गोयल बबलू मुख्य अतिथि और साहिल अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। मैसी के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला ने कहा कि आरडी गोयल की पांच पीढ़ियों ने देश की आजादी और अखंडता में योगदान दिया है। उन्होंने शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा, समाजसेवा और गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। समारोह में मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई।

पैसा डबल करने का लालच देकर फ्रॉड

## दो करोड़ की ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। ठगी के आरोप में पकड़े गए आरोपी। फोटोः हरिभूमि

**अंबाला।** अंबाला शहर पुलिस ने पैसा डबल करने का झांसा देकर करीब दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में जीरकपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मिलाप नगर निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि नवंबर 2023 से जुलाई 2026 के बीच कुलबीर सिंह, बलविंद्र सिंह व अन्य ने धोखाधड़ी कर उससे दो करोड़ रुपये ठग लिए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एमी गोज नामक कंपनी और एमी गोज एफएक्स सॉफ्टवेयर के जरिए डॉलर में रकम दिखाकर लोगों को निवेश का लालच दिया। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

*एलईडी लाइट खरीद और विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं का मामला, पुलिस ने वित्तीय दस्तावेजों की जांच शुरू की*

## फर्जी बिलों से 5.77 लाख के गबन का आरोप, पूर्व ग्राम सचिव पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव खारवन में एलईडी लाइटों की खरीद और विकास कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। प्राथमिक जांच में फर्जी बिल और रसीदों के जरिए पंचायत निधि से 5 लाख 77 हजार रुपये के गबन के आरोप सही पाए जाने के बाद जगाधरी सदर थाना पुलिस ने तत्कालीन ग्राम सचिव कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, अमानत में खयानत और सरकारी धन के गबन सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2010 के दौरान ग्राम पंचायत खारवन में विकास कार्यों के लिए जारी सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया।

शिकायत के अनुसार पंचायत में एलईडी लाइटों की खरीद के नाम पर 3 लाख 65 हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि अन्य विकास कार्यों के लिए 2 लाख 11 हजार रुपये भी खर्च दिखाए गए। आरोप है कि इन भुगतानों के लिए लगाए गए बिल और रसीद फर्जी थीं। इनके आधार पर सरकारी धन का गबन किया गया। शिकायत की प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिलने पर मामला पुलिस को भेजा गया। इसके बाद जगाधरी सदर थाना पुलिस ने आरोपी तत्कालीन ग्राम सचिव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी परविंद्र सिंह ने बताया कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज, भुगतान रिकॉर्ड, बिल, रसीदें और पंचायत के वित्तीय अभिलेखों की जांच की जा रही है।

---

कौशल आधारित शिक्षा से बढ़ रहे रोजगार के अवसरः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

*चयनित छात्रों को मिलेगा 2 से 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज*

# केयू में कैंपस प्लेसमेंट में 30 विद्यार्थियों का जी लैबोरेट्रीज में चयन, 85 छात्रों ने लिया था हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में जी लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्लेसमेंट अभियान में बी.फामेर्सी एवं एम.फामेर्सी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 85 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 30 विद्यार्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 2 लाख से 5 लाख वार्षिक पैकेज प्रदान किए जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, संस्थान की गुणवत्ता तथा विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



कुरुक्षेत्र। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटोः हरिभूमि

**श्रीलंका में हिंदी के विकास व चुनौतियों पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान आज**

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में 23 जुलाई को श्रीलंका में हिंदी का विकास और चुनौतियां़ विषय पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे गणपति चंद्र गुप्त हॉल में होगा। लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि मुख्य वक्ता श्रीलंका की केलानिया यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट काउंसलर एवं मोराटुवा यूनिवर्सिटी की विजिटिंग हिंदी लेक्चरर सुभाषिनी रत्नायका होंगी। वह श्रीलंका में हिंदी के इतिहास, विकास, शिक्षण व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रभाव और वर्तमान चुनौतियों पर विचार रखेंगी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण उपलब्ध कराना है।

## बीएससी कोर्सों के लिए केयू टीम ने किया राजकीय कॉलेज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने नए बीएससी कोर्सों के संचालन के लिए उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया। टीम ने बीएससी लाइफ साइंस में मेजर विषय जूलॉजी और बॉटनी तथा बीएससी फिजिकल साइंस में मेजर विषय गणित शुरू करने के लिए कॉलेज की लैब, कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण दल में जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक राज, आईआईएचएस विभाग के डॉ. रूलदा राम और बॉटनी विभाग के डॉ. आशीष प्रसाद शामिल रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने टीम का स्वागत किया। विभाग प्रभारियों ने नए कोर्सों के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। प्राचार्या ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग की अनुमति से वर्तमान सत्र से ये नए कोर्स शुरू किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक और रोजगारपरक अवसर मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### महापौर गुप्ता ने विकास सुझावों पर की चर्चा



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने चौधरी कॉलोनी स्थित अपने निवास पर नागरिकों से मुलाकात कर शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सुझाव और विश्वास ही उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और करनाल को आधुनिक, स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिकों ने भी समस्याओं एवं सुझावों से उन्हें अवगत कराया, जिन पर महापौर ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया।

### टिफिन बैठक में संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कर्ण मंडल प्रभारी चांद गेरा के निवास पर आयोजित टिफिन बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शक्ति केंद्र प्रमुख निरुपमा सदर, पायल अरोड़ा, इंदर गेरा, श्याम कपूर, हरीश ग्रोवर, देवराज, जितेश बत्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस कार्रवाई लोकतंत्र पर हमला : चौधरी

**करनाल।** हरियाणा युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेने और छात्र-युवाओं पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

### कर्मचारी संघ ने छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ की करनाल इकाई ने नई दिल्ली में प्रश्नपत्र लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवाओं पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि यदि सरकार आंदोलन दबाने के बजाय पेपर लीक रोकने पर ध्यान देती तो युवाओं का भविष्य संकट में नहीं पड़ता। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राजपाल मौला, उपप्रधान रामकुमार कश्यप, सह सचिव बिंदर और शिव कुमार भी उपस्थित रहे।

### सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

**तरावड़ी।** गांव सौंकड़ा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए दो महत्वपूर्ण सडक़ों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने सडक़ के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसपर लगभग 12 लाख रुपये की लागत आएगी।

# एमएचयू के विद्यार्थियों को मिली नई सौगात

## सुरक्षित और प्रेरणादायी वातावरण से होगा छात्रों का विकास

- कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने किया नीलोखेड़ी में बालक छात्रावास का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय (एमएचयू), करनाल के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के रूप में नई सौगात मिली है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बुधवार को एचआईआरडी, नीलोखेड़ी परिसर में एमएचयू के बालक छात्रावास का वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन-यज्ञ के साथ शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे छात्र कल्याण और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय का दायित्व केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, अनुशासित और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराना भी है। ऐसा वातावरण विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक और व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नया छात्रावास विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगा। एचआईआरडी के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र चौहान ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बालक छात्रावास शुरू होने से विद्यार्थियों की आवासीय सुविधाएं और अधिक मजबूत होंगी तथा उनके सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा के छात्र हितैषी दृष्टिकोण, सतत मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एचआईआरडी प्रशासन के सहयोग की भी सराहना करते हुए कहा कि छात्र कल्याण निदेशालय छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, अनुशासित और छात्र-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा।



**करनाल।** बालक छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा, निदेशक, वैज्ञानिक, अधिकारी एवं अन्य अतिथि।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान डॉ. विशाल राणा, डॉ. धर्मपाल, डॉ. देवराज, एस्टेट इंजीनियर अनुज गुप्ता, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, एचआईआरडी के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जनता के विश्वास से इनेलो सत्ता में करेगी वापसी : मदन मोहन

- इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बनने पर मदन मोहन चौधरी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मदन मोहन चौधरी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर करनाल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी ने मदन मोहन चौधरी को राष्ट्रीय सचिव बनने पर शुभकामनाएं दीं।

सम्मान समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मदन मोहन चौधरी ने पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि अभय सिंह चौटाला और रामपाल माजरा के नेतृत्व में इनेलो प्रदेश में सत्ता में वापसी करेगी। इनेलो कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरजीत पहलवान, व्यापाल सैल के प्रदेश प्रधान महासचिव शिव बजाज, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा, युवा जिला प्रधान मनिंद्र पुनिया, रिंकू चौधरी, नीरज चौधरी, मनोज कांबोज, राजन कालड़ा, रामकुमार एबला, तनिष कपूर, विपुल खन्ना, रोबिन छाबड़ा, अशोक बजाज, संदीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**करनाल।** समदन मोहन चौधरी का स्वागत करते इनेलो नेता एवं कार्यकर्ता।

# कभी एक झंडे तले थे, आज अलग-अलग दलों की पहचान

- जेजेपी में राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं बृज शर्मा


बृज शर्मा | मदन मोहन चौधरी

**धर्मेंद्र खुराना : करनाल।** हरियाणा की क्षेत्रीय राजनीति में समय ने ऐसा मोड़ लिया है कि कभी इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के झंडे तले साथ काम करने वाले दो नेता आज अलग-अलग राजनीतिक दलों में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। चौटाला परिवार के राजनीतिक विभाजन के बाद दोनों नेताओं की राहें अलग हुईं, लेकिन दोनों को अपने-अपने दलों ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर सम्मानित किया। वर्ष 2018 में चौटाला परिवार में हुए राजनीतिक विभाजन के बाद जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का गठन हुआ। इसके साथ ही इनेलो के कई पुराने नेता जेजेपी में चले गए, जबकि कई नेताओं ने इनेलो के साथ ही अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रखी। करनाल के वरिष्ठ नेता बृज शर्मा ने जेजेपी का साथ चुना। संगठन में लंबे अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी। बाद में वे हरियाणा जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी बने। दूसरी ओर मदन मोहन चौधरी इनेलो की संगठनात्मक राजनीति से जुड़े रहे। युवा इकाई से लेकर व्यापार प्रकोष्ठ तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभाने के बाद, कुछ समय भाजपा में रहने के पश्चात उन्होंने इनेलो में वापसी की। पार्टी ने पहले उन्हें व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया और अब राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन दोनों नियुक्तियों से यह स्पष्ट होता है कि चौटाला परिवार से निकले दोनों राजनीतिक दल आज भी संगठन को मजबूत करने के लिए अनुभवी और पुराने कार्यकर्ताओं पर भरोसा जता रहे हैं। संयोग यह भी है कि कभी एक ही पार्टी के संगठनात्मक सिपाही रहे बृज शर्मा और मदन मोहन चौधरी आज अलग-अलग दलों में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारियां निभाने के कारण फिर चर्चा में हैं।

# सांस्कृतिक महोत्सव प्रतिभाओं को निखारते हैं : डा. मंढ़ाण



**इंद्री।** गांव भादसों स्थित सीएमईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में खंड के विभिन्न स्कूलों की टीमों ने कक्षा पांच से आठ और कक्षा नौ से बारह वर्ग में समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, रागनी गायन एवं स्किट में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बीईओ डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति बहुत समृद्ध एवं महान है। यहां पर स्थापत्य कला, सांग, रागनी, नृत्य, सांझी व लोक साहित्य ने समाज को बहुत बड़ी देन दी है। इन कलाओं को मंच देने और प्रतिभाओं को निखारने के लिए शिक्षा विभाग कार्य कर रहा है।

# 26 जुलाई को होगा राज्य स्तरीय अभिनंदन एवं सम्मान समारोह

- सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग उठाएगा शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ (एएचजीसीटीए) की ओर से पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश रांझा ने की। उन्होंने 26 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अभिनंदन एवं सम्मान समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्राध्यापकों की प्रमुख मांगों को मीडिया के समक्ष रखा। 26 जुलाई को महाविद्यालय के भव्य सभागार में आयोजित समारोह में हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक एस. नारायणन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. सुरेश दुग्गल, डॉ. सुनील दत्त, डॉ. कुलदीप मलिक तथा डॉ. सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।


**करनाल।** पत्रकार वार्ता करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश रांझा।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस ने प्रदर्शन कर उठाई छात्रों के न्याय की मांग

- छात्रों पर हमला नहीं, बल्कि देश के भविष्य और लोकतंत्र की आत्मा पर गहरी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। करनाल में भी कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के अध्यक्ष पराग गाबा एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजेश वैध, करनाल लोकसभा का चुनाव लड़ चके दिव्यांशु बुद्धिराजा सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर रोष व्यक्त किया और जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया और कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश का युवा केवल रोजगार नहीं, बल्कि अपने सपनों, अपने सम्मान और अपने भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहा है। वर्षों की कठिन मेहनत, माता-पिता के अथक त्याग और अनगिनत उम्मीदों के सहारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र जब न्याय की मांग लेकर लोकतांत्रिक तरीके से सडक़ों पर उतरते हैं और बदले में उन्हें लाठियां, हिरासत और अपमान मिलता है, तो यह केवल छात्रों पर हमला नहीं, बल्कि देश के भविष्य और लोकतंत्र की आत्मा पर गहरी चोट है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस पूरे संघर्ष में शुरू से ही छात्रों के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं। छात्रों की गूंज अभियान करोड़ों युवाओं की उस पीड़ा की आवाज है, जो वर्षों से पेपर लीक, भ्रष्टाचार, परीक्षा में अनियमितताओं और सरकारी उदासीनता का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संसद मार्च लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले युवाओं की शांतिपूर्ण पुकार थी, लेकिन उन्हें संवाद के बजाय लाठीचार्ज, हिरासत और अपमान का सामना करना पड़ा। महिला छात्रों के साथ हुई अभद्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है। लोकतंत्र में आवाज दबाना नहीं, बल्कि उसे सुनना सरकार की जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र राठौड़, सुरेश गुप्ता, भूपिंदर लाठर, ललित बुटाना, कृष्ण कुटेल, निर्मल सतौंडी, हरि राम साबा, सतपाल सरपंच, दिलशेर डाचर, जोगिन्दर वाल्मीकि, तरुण चौहान, ललित अहूजा, संदीप महाजन, सुरेन्द्र नंबरदार, प्रवीन पुनिया, लाडी संधू, अशोक दुग्गल, युवराज सिंह भट्टी, सुरेश चौधरी, राकेश कुमार, शेर सिंह डबरी, पृथ्वी राज भट्ट, सपना राणा, पप्पू लाठर आदि मौजूद रहे।


**करनाल।** जिला सचिवालय पहुंचकर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता।

## न्यूज डायरी

### उपायुक्त ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण




करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को जिला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आईसीयू, एचडीयू, ट्रॉमा सेंटर, ट्राईज कक्ष, जनरल वार्ड, ओपीडी, पंजीकरण काउंटर, प्रसूति कक्ष, न्यूट्रिशन सेंटर, चाइल्ड वार्ड, ब्लड बैंक तथा प्रयोगशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक मरीज और उसके परिजन के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने, जनरेटर बैकअप की नियमित जांच, पावर ऑडिट कराने तथा फायर सेफ्टी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम देवेंद्र शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी, सीएमजीजीए श्रुति मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चौकीदारों ने वेतन बढ़ाने की उठाई मांग



करनाल। ग्रामीण चौकीदार सभा की खंड स्तरीय बैठक बुधवार को हनुमान स्टेडियम, कुंजपुरा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता धर्मपाल ने की, जबकि संचालन जगमाल सिंह ने किया। बैठक में चौकीदारों को पक्का करने, कार्य के घंटे निर्धारित करने, कुशल श्रेणी का न्यूनतम वेतन 18,500 रुपये लागू करने, प्रत्येक माह सात तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करने तथा सेवानिवृत्ति राशि बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि बीमारी के कारण चौकीदार की मृत्यु होने पर परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता, ईएसआई स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने तथा साइकिल भत्ते में वृद्धि की मांग भी लंबे समय से लंबित है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षा शिविर में करनाल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में विक्रमजीत, शीशपाल, राजकुमार, ईशम सिंह और तरावली सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बुधवार को मैसिव प्लांटेशन ड्राइव के तहत दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या सुषमा देवगन व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। मीनाक्षी यादव ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया और प्रत्येक छात्र से एक पौधा गोद लेकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, ड्राइंग और गीतों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र तथा एनसीसी कैडेट्स को पौधे देकर सम्मानित किया गया। सीजेएम ने विद्यार्थियों और स्टाफ को पोक्सो एक्ट एवं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की शिकायत करने के लिए जागरूक किया।

### नशामुक्ति अभियान के तहत 625 ने लिया संकल्प



**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रदेशव्यापी नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सग्गा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अजीत कुमार ने की तथा व्यवस्था उप प्राचार्य सोनिया कुमार ने संभाली। ब्यूरो के जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र सभी को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि यदि नशा अच्छा होता तो मां-बाप स्वयं बच्चों को इसे अपनाने की सलाह देते। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशा शौक से शुरू होकर शोक पर समाप्त होता है। कार्यक्रम में 560 विद्यार्थियों, 30 शिक्षकों और 35 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। ब्यूरो ने नशे की सूचना राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1933 अथवा 9050891508 पर देने की अपील भी की।

### भाविप ने वाटर कूलर भेंट किया



**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के तत्वावधान में समाज सेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री हंस राइस एंड जनरल मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नडाना में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष विजय सिंगला, शाखा सचिव मुकेश गुप्ता, वाटर कूलर प्रभारी हितेश गर्ग, सेवा प्रमुख पी.के. भारद्वाज, संस्कार प्रमुख सुरेंद्र बंसल एवं संपर्क प्रमुख राकेश हंस, स्कूल स्टाफ मनीष शर्मा, रविंद्र शास्त्री, प्रियंका चौधरी, नीरू बाला सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय का समस्त स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद रहा।

### शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना सबका कर्तव्य



**तरावड़ी।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा सफाई अपनाओं,बीमारी भगाओ अभियान देश व प्रदेश में अपनी गतिविधियों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है क्योंकि स्वच्छता और साफ सफाई के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित स्वच्छता की टीम भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और साफ सफाई के लिए जागरुक कर रही है । नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के मार्गदर्शन द्वारा शहर में साफ सफाई को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही है जिसमें मुख्य रूप से हाथ धोने की विधि और घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करने के तरीकों की विधि शामिल है ।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने अपनी टीम के साथ गांव उझा के राजकीय स्कूल में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। वहीं, किरण ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है।

### नशा मुक्त समाज के लिए किया जागरूक

**पानीपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत माई भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के अंतर्गत पानीपत जिले के युवाओं के लिए जिला स्तरीय प्रतिभा खोज पहल शुरू की गई है। नशा मुक्त युवा, विकसित भारत विषय पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं की रचनात्मक क्षमता को निखारते हुए उन्हें नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

### विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप

**पानीपत।** की एक कॉलोनी निवासी विवाहिता ने अपने पति, जेठ और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। महिला ने अपने जेठ पर रेप का प्रयास करने और पति पर जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर किला थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहन-भाई को पीटकर किया घायल, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर द्वितीय में शहनवाज व इसकी बहन नाजमा को इनकी चाचा साजीदा व इनके पुत्रों समून व फैजान ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपडोसियों ने बीच बचाव कर घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, शहनवाज की शिकायत पर सनौली खुर्द थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल 25 को पानीपत में

**पानीपत।** केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री मनोहर लाल 25 जुलाई शनिवार को दोपहर बाद तीन बजे जिला सचिवालय के प्रथम तल के सभागार में दिशा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने दी।

### पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक आज

**पानीपत।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति वीरवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह साढे दस बजे पिछड़ा वर्ग से संबंधित चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करेंगी, जिसमें जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने दी।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**पानीपत।** हरियाणा सरकार के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार 23 जुलाई को बाद दोपहर तीन बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने दी।

### कांग्रेस जिला कमेटी की बैठक 25 को

**पानीपत।** कांग्रेस की ओर से 25 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर, सेक्टर 25 में जिला स्तरीय ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस विधायक आदमपुर एवं चेयरमैन ओबीसी विभाग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी चंद्र प्रकाश ने दी।

## झंडा दिवस पर आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व शांति व राष्ट्र की तरक्की की प्रार्थना

# भारत की आन, बान व शान का प्रतीक है तिरंगा : रणदीप आर्य

### विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय झंडा दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। हवन में विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति और जनकल्याण की कामना की गई। इधर, कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय की कार्य समिति के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। 22 जुलाई सन 1947 को संविधान सभा द्वारा तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किया गया था। तभी से प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आर्य शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और श्रेष्ठ संस्कार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद ने अशिक्षा, अंधविश्वास, छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उनका जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के टंकारा में हुआ तथा 30 अक्टूबर 1883 को अजमेर में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज उनके बताए मार्ग पर चलते हुए विश्वभर में दस हजार से अधिक आर्य समाज संस्थाएं वैदिक संस्कृति एवं मानवता के संदेश का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद जैसी महान विभूतियां सदियों में एक बार जन्म लेती हैं। उन्होंने वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाकर समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने कहा कि देश उन सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों, बलिदानियों और अमर शहीदों का सदैव ऋणी रहेगा, जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र एवं प्रदेश सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौते (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) से देश की वैश्विक आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत होगी तथा इसका लाभ पानीपत सहित देश के उद्योग जगत को भी मिलेगा।



**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में तिरंगा फहराते हुए रणदीप आर्य व विद्यार्थी, आदि। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के प्रभारी एवं उप-प्राचार्य जगदीश चहल ने राष्ट्रीय झंडा दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीत गाए।




**पानीपत।** मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते वामपंथी संगठन।

## किसानों ने भारत अमेरिका ट्रेड डील का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि समझौते के विरोध में असंध रोड स्थित किसान भवन के सामने प्रदर्शन कर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के राज्य सचिव सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, सचिन राजपाल, भाकियू जिला उपप्रधान अनिल कादियान, युवा उपप्रधान सुरेंद्र मलिक, पूर्व प्रधान सुखबीर सिंह आटा, हरियाणा किसान सभा नेता राम रतन सैनी, एटक जिला प्रधान पवन सैनी, भूपेंद्र सिंह कश्यप, जय भगवान, कंवर सिंह छोकर, दिलावर सिंह राठी, एसए खान, गुलाब सिंह, मुनव्वर राणा, राम रूप सैनी, रामकिशन कुंडू और कर्मवीर काबड़ी ने किया। किसान नेताओं ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते किसानों, पशुपालकों, दूध उत्पादकों और खेत मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने 29 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय कन्वेंशन और आगामी आंदोलन की घोषणा की। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और शिक्षा मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग भी की गई।

### बोलेरो की टक्कर से कैंटर चालक की हार्ट

पानीपत। के गांव नौल्था में रोहतक हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने कैंटर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे टेक्सटाइल फैक्टरी के कैंटर ड्राइवर 62 वर्षीय सुल्तान सिंह पुत्र महा सिंह निवासी गांव अुआना लाखु जिला पानीपत की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर ड्राइवर सुल्तान सिंह को जोरदार झटका लगा, जिससे उसकी हृदय गति रुक गई और उसकी मृत्यु हो गई। इस हादसे में बोलेरो ड्राइवर आनंद निवासी गांव डाडोला जिला पानीपत में भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसराना थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपाइयों में आत्मीयता बढ़ाने का काम करेंगी टिफिन बैठकें : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

भाजपा हाईकमान के आदेश पर पानीपत जिला के सभी भाजपा मंडलों पर टिफिन बैठकों का आयोजन शुरू हुआ है। इन टिफिन बैठकों का मकसद पार्टी के मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच सद्भावना व तालमेल बढाने के साथ साथ पार्टी की नीतियों को आगे बढाने है। बुधवार को दक्षिण मंडल के तहत आने वाले शक्ति केंद्रों की टिफिन बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नवीन भाटिया, चेतन तनेजा, राजेश गुप्ता, तरसेम गर्ग, सुमित वीरमणि, संदीप मेहरा आदि ने भाग लिया। दूसरी ओर, बबैल मंडल के शक्ति केंद्र की टिफिन बैठक अंसल सुशांत सिटी में हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, चौधरी संजय तोमर, हरीश अरोडा, आरडी कल्याण, शक्ति केंद्र प्रमुख गुलशन तलवाड़, भीम सचदेवा, राजीव जैन, लाजपत मल्होत्रा, उमन पाल आदि ने भाग लिया। इधर, वहीं, दक्षिण मंडल के तहत आने वाले शक्ति केंद्रों की टिफिन बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नवीन भाटिया, चेतन तनेजा, राजेश गुप्ता, तरसेम गर्ग, सुमित वीरमणि, संदीप मेहरा आदि ने भाग लिया। दूसरी ओर, बबैल मंडल के शक्ति केंद्र की टिफिन बैठक अंसल सुशांत सिटी में हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, चौधरी संजय तोमर, हरीश अरोडा, आरडी कल्याण, शक्ति केंद्र प्रमुख गुलशन तलवाड़, भीम सचदेवा, राजीव जैन, लाजपत मल्होत्रा, उमन पाल आदि ने भाग लिया।



**पानीपत।** भाजपा की टिफिन बैठक में भाग लेने पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### देहदान करने वाला परिवार सम्मानित

**पानीपत।** डेरा सच्चा सौदा प्रेमियों ने असंध रोड के हरि बाग कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नामचर्चा कर चिकित्सा रिसर्च के लिए 45 वर्षीय दीपक शर्मा इन्सां को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्मरणीय है कि जीएसएम बहन वंदना इन्सां के भाई दीपक शर्मा इन्सां का देहांत शनिवार को हो गया था। वहीं, दीपक की इच्छा के अनुसार डेरा प्रेमियों के बीच परिजनों ने दीपक शर्मा का पार्थिव शरीर चिकित्सा रिसर्च के लिए प्रसाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस सराय शहजादी बंथरा, कानपुर रोड लखनऊ को दान कर दिया था। इधर, दीपक शर्मा इन्सां की पावन स्मृति में उनके परिजनों ने जरूरतमंदों को सहायतार्थ राशन दान किया। इस अवसर पर डेरा प्रेमी धर्मपाल इन्सां, पुरुषोत्तम टोहाना इन्सां, राजपाल टोहाना इन्सां, अशोक इन्सां, डॉ एमपी सिंह इन्सां, गुरदेव डोला इन्सां, रमेश इन्सां, राहुल इन्सां, जोगिंदर इन्सां, राजकुमार इन्सां, सोनू इन्सां, ईश कुमार इन्सां, रजनीश छाबड़ा इन्सां, सतीश इन्सा आदि ने दीपक शर्मा के परिजनों को सम्मानित किया।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में इनसो ने सौंपा ज्ञापन



**पानीपत।** इनसो नेता बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार, सीटीएम टीनू को ज्ञापन देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

इनसो के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज देशवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सीटीएम टीनू पोसवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने परीक्षा पेपर लीक के मामलों पर केंद्र सरकार से जवाब मांगते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण ही देश में बेरोजगारी बढ रही है। वहीं, यह भी कडवा सच है कि बेरोजगारी बढने से ही अपराध समेत अन्य अव्यवस्था पनपती है। इस अवसर पर पंकज कुमार, हरेंद्र मलिक, शुभम खर्ब, अजय शर्मा, सुनील और देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्य ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**पानीपत।** हरियाणा महिला आयोग की सदस्य अनुकंपा गर्ग ने बुधवार को जिला जेल, पानीपत का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान जेल अधीक्षक संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अनुकंपा गर्ग ने महिला वार्ड का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने महिला बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना। इसके साथ ही, उन्होंने महिला बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी किया।

## आईबी कॉलेज में इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्रीमियर बैंकर इंटर्नशिप में भाग लेने वाले विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के इंटर्नशिप सेल ने आईसीटी अकादमी के सहयोग और इन्फोसिस फाउंडेशन के प्रयोजन में बीकॉम, बीए और बीबीए विद्यार्थियों के लिए प्रीमियर बैंकर इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि इंटर्नशिप से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, आत्मविश्वास और रोजगारपरक कौशल मिलता है। कार्यक्रम में शुभम वर्मा, जितेंद्र कुमार, डॉ.चेतना नरूला, डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ.किरण मदान, डॉ.सुनीत शर्मा, डॉ.पूनम मदान, डॉ.निधान सिंह, डॉ.विक्रम कुमार, प्रो. सोनिया और शालू आदि रहे।

## जोश और उत्साह के साथ खो-खो का शुभारंभ

**समालखा।** समालखा खंड स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता के तहत खो-खो खेल प्रतियोगिता गांव मानना के खेल मैदान पर हुई। लड़कियों की प्रतियोगिता का शुभारंभ बीईओ सरिता देवी द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 व 19 विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सीमा बजाज, बॉयज स्कूल के प्रिंसिपल दीपक त्रिपाठी, वीरेंद्र डीपी, राजकुमार पीटीआई और एनएफटी डीपी आदि मौजूद रहे।

## स्नेचिंग के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पुलिस चौकी आठ मरला की टीम ने संजय कॉलोनी स्थित परशुराम धर्मशाला के पास महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार होने वाले दोनों आरोपियों देशराज कॉलोनी निवासी विजय उर्फ बीरू व कुटानी रोड निवासी निशांत को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी रविंद्र ने बताया कि मंगलसूत्र स्नेचिंग केस में आठ मरला चौकी में सोनी देवी पत्नी जितेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

## पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाने में जुटी पुलिस : एसपी



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत जिला में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर थाना प्रबंधकों, क्राइम यूनिट प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित मामलों का तय समय में निपटारा करें, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। बैठक में एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय विकास कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी नरेंद्र सिंह, डीएसपी प्रणय कुमार, डीएसपी नवीन संधू सभी थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट प्रभारी आदि रहे।

#### लंबित केसों का जल्द निपटारा करें

पुलिस अधीक्षक सिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी दर्ज मुकदमे की जांच अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जाए। प्रत्येक मामले की जांच निर्धारित समय सीमा में पूरी कर न्यायालय में समय पर चालान प्रस्तुत किया जाए। विशेष रूप से महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जांच प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### बैठक | जिला स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

# सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज की नींव है शिक्षा : डॉ. हरीश

निपुण हरियाणा मिशन को जन आंदोलन का स्वरूप देना ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय कमेटी की बैठक बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज की नींव है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता में दक्ष बनाना, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित करना तथा अभिभावकों, शिक्षकों और समाज की साझेदारी से निपुण हरियाणा मिशन को जन आंदोलन का स्वरूप देना है। कोई भी बच्चा सीखने से वंचित न रहे, यही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। टीमवर्क, सतत निगरानी, नवाचार और सकारात्मक प्रयासों से हम शिक्षा के क्षेत्र में जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। बैठक में जिले में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) को मजबूत करने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, डीसी डॉ हरीश ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में जिले के सरकारी विद्यालयों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, वार्षिक आकलन, प्रवेश उत्सव एवं नामांकन अभियान, कक्षा तत्परता कार्यक्रम, मेंटर एवं मॉनिटर विजिट की समीक्षा, अभिभावकों की सहभागिता, निपुण पैरेंट ऐप एवं व्हाट्सएप के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों के सत्यापन, आगामी शैक्षणिक योजनाओं तथा जिला स्टीयरिंग कमेटी के सुझावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डॉ हरीश ने निर्देश दिए कि प्रवेश अभियान को निरंतर प्रभावी बनाया जाए ताकि कोई भी पात्र बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे।




**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, डीईओ राकेश बूरा, सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक, डीडीपीओ राजेश शर्मा, नीलम कुंडू, मनीष गुप्ता, अनिल मलिक आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### पीएम आवास के बाहर धरने पर जताई आपत्ति

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पीएम आवास के बाहर धरना देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि "कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऊपर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाने का केस दर्ज किया जाना चाहिए। विज ने कहा कि यह किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी अगर बात करना चाहते हैं तो वो संसद के अंदर जाएं। उन्हें कौन रोक सकता है। मगर प्रधानमंत्री आवास के बाहर जोकि हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां कोई गलत आदमी बीच में आ सकता है। विज ने कहा कि इन्हें बिल्कुल भी बख्शना नहीं चाहिए।

### निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**शहजादपुर।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एडवोकेट संजीव घारू ने बुधवार को नगर पालिका का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों तथा उनसे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचने से पहले फील्ड में जाकर सफाई कर्मचारियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### पौधे लगाकर देखभाल का संकल्प लिया

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत प्री-नर्सरी से पहली कक्षा तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में आनंदमय माहौल बना रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते पौधारोपण किया। बच्चों ने पौधे लगाकर देखभाल का संकल्प भी लिया। छात्रों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

### प्रथम मेरिट सूची 30 जुलाई को जारी होगी

**शहजादपुर।** रानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक छात्राएं 26 जुलाई, तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन में संशोधन 27 जुलाई तक तथा दस्तावेजों का सत्यापन 28 जुलाई तक होगा। प्रथम मेरिट सूची 30 जुलाई को जारी होगी तथा 31 जुलाई से 2 अगस्त तक प्रथम चरण की फीस जमा की जाएगी। प्राचार्या ने बताया कि महाविद्यालय में एमकॉम. एवं एमए मनोविज्ञान पाठ्यक्रम संचालित हैं।

### निधार्रित समय पर पूरा हो कामः शिवजीत भारती

**शहजादपुर।** विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।

*सीलिंग का किसी ने नहीं किया विरोध , नशे की काली कमाई से अवैध संपत्ति मालिकों पर पुलिस कस रही शिकंजा*

# डेहा कॉलोनी में नगर निगम ने 12 अवैध मकानों को किया सील

## पहले दिए गए थे नोटिस, भारी पुलिस बल मौके पर रहा तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने नशा तस्करों और अपराधियों के खिलाफ अपने अभियान को तेज किया हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक के दिशा-निर्देश पर बुधवार को पुलिस ने नगर निगम अधिकारियों के साथ मिलकर डेहा कॉलोनी में अवैध रूप से बनाए गए 12 मकानों को सील किया गया। इन सभी को पहले से ही कई बार मकान खाली करने के नोटिस दिए जा चुके थे। कार्रवाई के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सील किए गए लगभग सभी मकान मालिकों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले सबसे प्रमुख हैं।

*पुलिस ने नशा तस्करों और अपराधियों के खिलाफ अपने अभियान को तेज किया*





अंबाला। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान मौके पर जमा लोग व तैनात भारी पुलिस बल। फोटो :हरिभूमि

**हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने का आग्रह**

यहां के रहने वाले आरोपी विक्की उर्फ गट्टू पर अकेले लगभग 42 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें अधिकतर एनडीपीएस एक्ट और चोरी से संबंधित हैं। क्षेत्र की कई महिलाओं के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। इनमें से एक महिला के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है, जो लगभग 8 महीने जेल में काट चुकी है। पुलिस न केवल नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेज रही है बल्कि नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों को भी लगातार ध्वस्त व सील कर रही है। कार्रवाई का नेतृत्व कर रहीं प्रबंधक थाना अंबाला शहर सुनीता ढाका ने ने बताया कि ग्नगर निगम की टीम द्वारा डेहा कॉलोनी में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी।इस संबंध में इन सभी मकानों में रहने वालों को कई बार नोटिस नगर निगम की तरफ से भेजे जा चुके थे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस संयुक्त अभियान में करीब 12 मकानों को सील किया गया है जिनमें अधिकतर के खिलाफ नशा तस्करी तथा चोरी से संबंधित मामले दर्ज हैं। पुलिस नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। जिन लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामले दर्ज हैं, उनके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी अन्य नशा तस्करों पर यह शिकंजा जारी रहेगा। उन्होंने नशे के अवैध कारोबार और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9729990112 पर भी संपर्क करने का आग्रह किया।

## प्रदर्शनकारी बोले, छात्रों की आवाज दबाने वाली सरकार को जनता देगी जवाब

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सरकार का पुतला फूंका





अंबाला। पीएम मोदी का पुतला फूंकते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज को सड़क से संसद तक उठा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को पॉलिटेक्निक चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और कार्रवाई के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान विनोद धीमान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लगभग छह माह पहले ही देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते खतरे और आपातकाल जैसे हालात बनने की आशंका जताई थी, जिसकी झलक अब पूरे देश में देखने को मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा रद्द होने और उससे उपजे तनाव के कारण कई छात्रों ने अपनी जान गंवाई, जिसके विरोध में हजारों छात्र पिछले 22 दिनों से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित आंदोलनकारियों के साथ सरकार ने दमनकारी रवैया अपनाया और उन्हें जबरन अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद 20 जुलाई को संसद मार्च कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, आंसू गैस और पानी की बौछारों का प्रयोग किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में छात्राओं के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया गया, जो बेहद निंदनीय और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। कांग्रेस के ब्लॉक प्रधान राकेश महल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज़ को सड़क से संसद तक उठाते रहे हैं। जब उन्होंने संसद में छात्रों का मुद्दा उठाने का प्रयास किया तो सदन को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी सांसद वरुण मुलाना व रणदीप सिंह सुरजेवाला एवं अन्य कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे। यहां दिल्ली पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए उन्हें हटाया और उनके साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों, युवाओं, छात्रों, कर्मचारियों और आम जनता की आवाज़ दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस दमन के सामने झुकने वाली नहीं है।

**ये रहे मौजूद**

इस विरोध प्रदर्शन में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, ब्रह्मपाल राणा, मस्तान सिंह, रोहित जैन,, रोहित शर्मा, विशु, प्रतीक चौधरी, सुरेंद्र सिंह बिट्टू, नवीन गुप्ता, हरि सिंह, जनार्दन ठाकुर, कमल बछल, सुरजीत सिंह कुर्बानपुर, अशोक सोनी, कुलदीप सिंह गुल्लू, मिथुन वर्मा, रविंद्र गुप्ता, कमल सिंह, नरेंद्र पाली, सन्नी मोखा, रॉबिन खोड़ा, राजविंदर कौर, खुशवीर वालिया, बलवंत राय, किरण पाल राणा, पंकज भोला, प्रेम सागर शर्मा, ठाकुर सिंह सैनी, हरनेल सिंह काला जाट, बंत सिंह, मोहित कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों और युवाओं की आवाज़ को इसी तरह दबाया जाता रहा तो कांग्रेस पूरे देश में जनआंदोलन तेज करेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

## जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एसपी से मुलाकात की

# पीएम मोदी के पुतले पर जूते-डंडे बरसाने पर भाजपा का प्रदर्शन



अंबाला। जिलाध्यक्ष मनदीप राणा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ। फोटो : हरिभूमि

**प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा बुधवार को पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक से मिले। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस द्वारा हाल ही में किए गए प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले का कथित रूप से अपमान किए जाने के मामले में एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जिला कांग्रेस द्वारा पॉलिटेक्निक चौक पर बिना प्रशासनिक अनुमति के प्रदर्शन किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले का सार्वजनिक रूप से अपमान किया गया तथा पुतले के चेहरे पर जूते और डंडों से प्रहार किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री का पद भारतीय संविधान के अंतर्गत अत्यंत गरिमामय एवं सर्वोच्च लोकतांत्रिक पदों में से एक है। ऐसे में इस प्रकार की घटना न केवल संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी विपरीत है।भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने आरोप लगाया कि उक्त घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया जिससे आमजन और भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। राणा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और उन्होंने मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, सदस्य व मंडल अध्यक्ष मन्नी आनंद , निगम सदस्य हितेश जैन, कमल गुप्ता, राजेश मेहता, गुरप्रीत सिंह, बीनू गर्ग, अनमोल सोबती, राज कुमार गुप्ता, मुकेश शर्मा, पिंकू सूद, अभिषेक सहोता, योगेश साहनी व यशपाल, शेर सिंह, अमरजीत सिंह, साहिल कक्कड़ भी मौजूद रहे।




### बेटियों को मुफ्त क्रिकेट प्रशिक्षण देने के लिए 'शी लीड्स क्रिकेट' अभियान शुरू

**चंडीगढ़।** महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवतियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते एमजीएमके स्पोर्ट्स एम्पावरमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट का आधिकारिक शुभारंभ चंडीगढ़ प्रेस क्लब में किया गया। ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की प्रतिभाशाली बेटियों को क्रिकेट में समान अवसर देना और पंजाब से महिला क्रिकेटरों की नई पीढ़ी तैयार करना है।ट्रस्ट की चेयरपर्सन सुश्री मनमोहन कौर हैं, जिन्हें शारीरिक शिक्षा और खेल विकास के क्षेत्र में 23 वर्षों से अधिक का अनुभव है। ट्रस्ट के प्रेसिडेंट पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनप्रीत सिंह गोनी हैं। ट्रस्ट के अन्य ट्रस्टी सुखप्रीत सिंह (व्यवसायी), सुरेश कुमार भूरिया (एडवोकेट एवं टैक्स कंसल्टेंट) और जेपी सिंह (बिजनेसमैन) हैं। सभी ने मिलकर खेलों के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।इस अवसर पर ट्रस्ट ने अपनी प्रमुख पहल 'शी लीड्स क्रिकेट' की शुरुआत की। यह एक जमीनी स्तर का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य पंजाब की प्रतिभाशाली बेटियों की पहचान करना, उन्हें प्रशिक्षण देना और उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाना है।पहले चरण में ट्रस्ट पंजाब के विभिन्न स्कूलों के साथ मिलकर विशेष चयन कार्यक्रम आयोजित करेगा।

# मैंगो-डे पर विद्यार्थियों ने की खूब मस्ती, जूस का भी लिया मजा

- पुलिस डीएवी स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मैंगो दिवस पर गीता गाते स्कूली छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में नेशनल मैंगो डे सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर बच्चे मेंगो की ड्रेस पहन कर आए। बच्चों को बताया गया कि आम हमारा राष्ट्रीय फल है। यहबहुत रसीले होते हैं। यह फलों का राजा कहलाता है। यह गर्मी के मौसम में होता है । अपने खट्टे-मीठे स्वाद के कारण यह सभी को पसंद आता है। आम से चटनी, आचार,जूस बनाएं जाते हैं। बच्चों के लिए मेंगो शैक एक्टिविटी कराई गई। बच्चे शैक पीकर बहुत ही एनर्जेटिक हो गए। कार्यक्रम मे नर्सरी कक्षा के बच्चे आम के प्रोप और ड्रेस पहन कर आए, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रहे थे। कार्यक्रम में कुछ बच्चों ने आम पर आधारित कविताएं सुनाईं, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया और कुछ बच्चों ने आम पर आधारित हिंदी गाने पर डांस की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य की सभी ने सराहना की।

# विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र के खिलाफः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



विधायक पूजा चौधरी।

विधायक पूजा चौधरी ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी मांगें शांतिपूर्ण ढंग से उठाने का संवैधानिक अधिकार है और उनकी आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य सांसद छात्रों के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास की ओर गए थे, लेकिन उन्हें गिरफ्तार किया जाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार देता है। उनका कहना था कि जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए छात्रों और युवाओं के मार्च के दौरान सामने आए दृश्य चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा पत्र लीक होने की घटनाओं से युवा स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और ऐसे समय में उनकी समस्याओं का समाधान संवाद से किया जाना चाहिए।

### इंस्टाग्राम पर घोड़ी बेचने का लालच पड़ा महंगा, सात लाख रुपये की ठगी

**अंबाला।** इंस्टाग्राम पर घोड़ी बेचने का विज्ञापन डालना दो युवकों को भारी पड़ गया। ठगों ने अमेरिका से भारत आए एनआरआई होने का झांसा दिया। हॉर्स फार्म खोलने व दोगुने दाम पर घोड़ी व घोड़ा खरीदने की बात कहकर 7 लाख रुपये ठग लिए।साइबर थाना पुलिस ने कमलजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुलाना में कपड़े की दुकान चलाने वाले कमलजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि विशाल ने घोड़ी बेचने के लिए इंस्टाग्राम पर अपना मोबाइल नंबर डाला था। 12 जुलाई को एक नंबर से कॉल आई और उसने घोड़ी पसंद आने की बात कही। 13 जुलाई को आरोपी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में दो अन्य साथियों के साथ मुलाना पहुंचे। उन्होंने 1.20 लाख रुपये की घोड़ी के बदले 2 लाख रुपये देने का लालच दिया और कहा कि अमेरिका से आया एक एनआरआई हॉर्स फार्म खोलना चाहता है। उन्होंने 1 हजार रुपये एडवांस देकर 16 जुलाई को सौदे की बात पक्की की।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## 26 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 3 घंटे में 200 पौधे लगाने का लक्ष्य

# गुदगुदी जंक्शन का शहर क्षेत्र में पौधरोपण अभियान-2 आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पौधरोपण के बाद पौधे वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा बुधवार को जलबेहड़ा रोड स्थित श्री राधे कृष्ण गोधाम गौशाला मोखामाजरा के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ पांच दिवसीय पौधारोपण अभियान-2 आरंभ हुआ। प्रोजेक्ट इंचार्ज अरुण शर्मा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम की देखरेख में असीम अग्रवाल राष्ट्रवादी,सुभाष चंद्र शर्मा, राधेश्याम, सूरजभान, ज्ञानचंद और विद्या दत्त शर्मा टीम ने कार्यकर्ताओं के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु अंबाला शहर क्षेत्र के अंतर्गत आज गांव मोखामाजरा, सौंडा व मोटे माजरा में सुबह 7 से 10 बजे के दौरान कड़ी मेहनत करके 30 छायादार व फलदार वृक्षों में आम, नीम, जामुन, अमरूद, बेलपत्र, आंवला, मोलसरी, गुलमोहर, सहजन, पीपल और अर्जुन छाल के पौधे लगाकर 10 पौधे वितरित किए। साथ ही गोशाला में क्यारियां बनाकर सुगंधित फूलों की पौध भी लगाई गई। डॉ.संजय गौतम ने बताया कि यह दूसरे चरण का पौधारोपण अभियान रविवार,26 जुलाई तक सुबह 7 से 10 बजे तक (लगातार 3 घंटे) चलेगा जिसमें 200 पौधे रोपित करने के साथ 100 पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण के लिए स्थान का चयन करके गड्ढे बनाना,पौधे लगाना और उनकी देखरेख के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। उल्लेखनीय है कि गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला छावनी क्षेत्र में पहले चरण के पौधारोपण अभियान में 220 पौधे लगाकर 100 पौधे वितरित किए थे।

**रोटरी क्लब ने चलाया पौधरोपण अभियान**



**बराड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब बराड़ा द्वारा बुधवार को गांव उगाला स्थित सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे लगाए गए। क्लब के सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई और संरक्षण का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर रोटरी क्लब प्रधान बलकार सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाले समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी सफलता मिल सकती है। विद्यालय के विद्यार्थियों को भी पौधों के महत्व, उनकी सुरक्षा तथा नियमित देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।